'होलिका दहन के बाद की पत्थरबाजी तो जाएंगे जेल'

जासं, श्रावस्ती : भिनगा क्षेत्र के चहलवा गांव में मंगलवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा जीतेंद्र कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि होलिका दहन के बाद यदि पत्थरबाजी की घटना प्रकाश में आई तो मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेजा जाएगा।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि होली अमन व भाईचारे का पर्व है। त्योहार मनाते समय सद्भावना बनाए रखने का पूरा ध्यान रखें। पर्व को पूरे उत्साह से मनाएं, लेकिन कोई ऐसा काम न करें, जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। चहलवा गांव में होलिका दहन के बाद पत्थरबाजी का गंदा काम कुछ लोगों ने शुरू किया था। धीरे-धीरे इसे परंपरा का रूप दे रहे थे। पिछले वर्ष इस पर रोक लगी थी। निर्देशों का अनुपालन कर गांव के लोगों ने भाईचारे का संदेश दिया था। इस वर्ष भी ध्यान रखना है कि पत्थरबाजी न होने पाए। पुलिस लगातार निगरानी करेगी। किसी ने नियम तोड़ने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। ग्रामीणों ने भाईचारे से त्योहार मनाने का भरोसा प्रभारी निरीक्षक को दिलाया।

चलहवा गांव में होलिका दहन स्थल का जायजा लेते प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह(वाएं से तीसरे) ● जागरण

जिले की संबंधित खबरें www.jagran.com पर पढ़ें